भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

31.07.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1499 का उत्तर

बेंगुलुरु से मदुरै के बीच वंदे भारत

1499. श्री माथेश्वरन वी. एस.:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने येरकाड सुपरफास्ट एक्सप्रेस (22649) में पुराने कोचों को नए एलएचबी कोच से बदलने की योजना बनाई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने बेंगलुरू से मदुरै के बीच वंदे भारत ट्रेन शुरू करने की योजना बनाई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा मदुरै और बेंगलुरू के बीच प्रस्तावित ठहराव का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने बेंगलुरू से मदुरै के बीच प्रस्तावित वंदे भारत ट्रेन में नमक्कल जंक्शन को ठहराव के रूप में रखने पर विचार करने की योजना बनाई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): 22649/22650 चेन्नई-इरोड यरकौड एक्सप्रेस वर्तमान में आईसीएफ (सवारी डिब्बा कारखाना) डिजाइन के सवारी डिब्बों के साथ चलाई जा रही है जो मौजूदा नीति के अनुसार परिचालन और रखरखाव के लिए उपयुक्त हैं।

वर्तमान में, मदुरै-बेंगलुरु क्षेत्र में 4 जोड़ी रेलगाड़ी सेवाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा, भारतीय रेलवे पर आईसीएफ (सवारी डिब्बा कारखाना) सवारी डिब्बों को एलएचबी (लिंके हॉफमैन बुश) सवारी डिब्बों से बदलना, वंदे भारत सेवाओं सहित रेलगाड़ी सेवाओं की शुरूआत और रेलगाड़ियों के ठहराव का प्रावधान करना सतत् प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालन व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।

****